>

Title: Need to take steps to check illegal immigration of Bangladeshi nationals into the country.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ की समस्या आज केवल भारत-बांग्लादेश सीमा तक ही सीमित नहीं रही है। देश के विभिन्न भागों में इनकी राष्ट्रविरोधी गतिविधियां न केवल कानून व्यवस्था की दृष्टि से अपितु अन्य दृष्टि से भी सबकी चिंता का विषय बन गई है। आज पूरे देश में लगभग ढाई करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिए अवैध तरीके से रह रहे हैं। पूर्वोत्तर के सभी राज्यों तथा पश्चिम बंगाल और बिहार में इन घुसपैठियों ने जन-सांख्यिकी संतुलन ही बिगाड़ दिया है। इन अवैध घुसपैठियों ने अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करा लिए हैं तथा राशनकार्ड भी बनवा लिए हैं। आज पूरे देश में 20 लोक सभा क्षेत्रों तथा लगभग 125 विधान सभा क्षेत्रों में ये घुसपैठिए चुनाव परिणाम को प्रभावित करने वाली स्थिति में आ गए हैं। राजधानी दिल्ली में भी इनकी संख्या लाखों में है, जो आए दिन कानून व्यवस्था के लिए समस्या बनते जा रहे हैं। विभिन्न अपराधों तथा राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में अनेक बांग्लादेशियों के समूह लिप्त पाए गए हैं।

कृपया माननीय गृहमंत्री जी से यह मांग है कि राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजने के संबंध में सरकार उचित कदम उठाये।